संघं शक्ति सर्वदा

लेखपाल संघ–जिन्दाबाद

# उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ

पंजी० संख्या : 75-4/II-A/359, 14 नवम्बर 1962

प्रधान कार्यालय : आलमबाग सुजानपुरा, ओमनगर , पुराना बस स्टेशन के सामने, लखन

Web : www.lekhpal.wordpress.com E-mail : lekhpal.up@gmail.com

**राम मूरत यादव**
प्रदेश अध्यक्ष
: +91-9456225600
पत्रचार : मो. शिव दयाल कम्पाउंड, निकट आई.टी.सी., सहारनपुर-247001(उ.प्र.)

**ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव**
प्रदेश महामंत्री
: +91-9415281875
पत्रचार : कृष्णा नगर, देवरिया खास, निकट गीता भवन, हनुमान मंदिर, देवरिया (उ.प्र.)

• **उपाध्यक्षगण**

दीपक त्यागी
पश्चिमी जोन
–9536500281

भूपेन्द्र सिंह
मध्य जोन
–9198895639

रामपूजन राम
पूर्वी जोन
–9451510484

• **कोषाध्यक्ष**

विनोद कुमार कश्यप
–9760398504

• **संगठन मंत्रीगण**

सुदेश कुमार
पश्चिमी जोन
–9758547258

मनोज त्रिपाठी
मध्य जोन
–9415434880

विनोद यादव
पूर्वी जोन
–9415678593

• **लेखापरीक्षक**

मूल चन्द्र पटेल
–9695863623

पत्रांक 341/प्रान्त०/19 दिनांक 25/12/19

सेवा में,

मा0 मुख्यसचिव महोदय,
उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।

**विषयः–आठ सूत्रीय मांगपत्र के सम्बन्ध में मा0 मुख्य सचिव महोदय की बैठक दिनांक 16 जुलाई 2018 व मा0 अपर मुख्य सचिव महोदया की बैठक दिनांक 09.07.19 के अनुरूप शासनादेश निर्गत न होने के कारण चल रहे आन्दोलन में प्रस्तावित 27 दिसम्बर को विधान सभा घेराव स्थगित करते हुये जनपद स्तर पर ही धरना यथावत जारी रहने विषयक।**

महोदय,

महोदय उ0प्र0 लेखपाल संघ की 8 सूत्रीय मांगों पर कोई शासनादेश निर्गत न होने के कारण 27 दिसम्बर 2019 को विधानसभा घेराव का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था किन्तु नागरिकता संशोधन बिल को लेकर प्रदेश में वर्तमान समय में उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति के दृष्टिगत उ0प्र0 लेखपाल संघ का प्रत्येक सदस्य एक जिम्मेदार कर्मचारी होने के कारण प्रदेश के कानून व्यवस्था में सहयोग हेतु उक्त कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। पूर्ण कार्य बहिष्कार के साथ जनपद स्तर पर धरने का कार्यकम 26 दिसम्बर के वाद भी समस्या का समाधान/अग्रिम निर्णय तक यथावत जारी रहेगा।

महोदय लेखपाल गॉव में सदैव शासन की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता रहा है। उ0प्र0 लेखपाल संघ कभी नहीं चाहता है कि किसान, मजदूर, छात्र परेशान हों अथवा शासन प्रशासन के समक्ष कोई कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो, किन्तु उ0प्र0 लेखपाल संघ की जायज मांगों के सम्बन्ध में शासनादेश निर्गत न किये जाने /उच्च स्तर पर गंभीरता से संज्ञान न लिये

जाने के कारण संस्था आन्दोलन को विवश है। अधिकारियों द्वारा अब भी वार्ता के माध्यम से समाधान करने के स्थान पर बर्खास्तगी/निलम्बन/सर्विस ब्रेकिंग/ एफ0आई0आर0/बल प्रयोग आदि दमनात्मक कार्यवाहियों के द्वारा लेखपालों को आन्दोलन जारी रखने के लिये उकसाया जा रहा है जो कि न तो जनहित में उचित है और न ही विभागीय हित में।

अतः महोदय से निवेदन है कि अपने स्तर से स्वयं हस्तक्षेप करते हुये लेखपालों के खिलाफ की गयी समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाही समाप्त कराने एवं उ0प्र0 लेखपाल संघ की मांगों के सम्बन्ध में शासनादेश निर्गत कराने की कृपा करें जिससे किसान, मजदूर, छात्र एवं शासन प्रशासन को किसी भी असुविधा से बचाया जा सके।

संस्था महोदय की आभारी रहेगी।

भवदीय
(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)
महामंत्री

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, राजस्व परिषद उ0प्र0, लखनऊ।
2. मा0 अपर मुख्य सचिव राजस्व महोदया, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त जिलाधिकारी महोदय, उ0प्र0।
4. समस्त पदाधिकारीगण, उ0प्र0 लेखपाल संघ।

(ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव)